कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 03.11.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में

नैक मूल्यांकन के बाद बढ़ी जिम्मेदारी – डॉ. सिंह

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी. (आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ) के नए कक्ष का शुभारंभ शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह के द्वारा किया गया। इस असर पर ए प्लस ग्रेड प्राप्त होने पर प्राचार्य डॉ. सिंह का शॉल–श्रीफल से सम्मान किया गया।

अपने उद्बोधन में डॉ. सिंह ने कहा कि नैक मूल्यांकन के बाद की जिम्मेदारी ज्यादा है। एक ओर जहाँ कमी रह गयी है उनकी समीक्षा करके कार्ययोजना तैयार कराना है वहीं ग्रेड में वृद्धि के लिए भी विशेष प्रयास महाविद्यालयों को करना होगा। उन्होनें नैक मूल्यांकन के संबंधी अपने अनुभव सांझा किए।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने दुर्ग जिले एवं संभाग में नैक मूल्यांकन की उल्लेखनीय सफलता के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि राज्य गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन पर महाविद्यालयों में कार्यशाला, प्रशिक्षण सत्र, मॉक विजिट के द्वारा नैक मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित हुआ है।

माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल के मिशन मोड पर नैक मूल्यांकन के आव्हान पर सभी महाविद्यालयों ने सक्रिय भागीदारी की है।

राज्य गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ने सभी नैक मूल्यांकित महाविद्यालयों से पियर टीम के रिकमेंडेशन तथा क्राइटेरिया वार रिपोर्ट की समीक्षा कर लघु एवं दीर्घ कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया है।

कार्यक्रम में ए प्लस ग्रेड प्राप्त साईंस कॉलेज की आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. जगजीत कौर सलूजा तथा प्राध्यापक डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. सपना शर्मा सारस्वत ने भी अपने संबोधन में नैक मूल्यांकन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया। इस अवसर पर आई.क्यू.ए.सी. के सभी क्रायटेरिया सदस्य उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन डॉ. यासमीन फातिमा परवेज ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ0 वा0वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)